**कार्यालय आयुक्त,**
**आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास छत्तीसगढ़**
**ब्लाक–4 डी, भूतल–इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ०ग०)**

क्रमांक / EMRS / 456-Part / 2024–25 / 11082 नवा रायपुर, दिनांक 02 / 01 / 2025

## छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शिक्षण सत्र 2025–26 में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन तिथि में संशोधन सूचना

शिक्षण सत्र 2025–26 में छत्तीसगढ़ राज्य अंतर्गत संचालित 75 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के कक्षा–6वीं में प्रवेश हेतु प्रवेश नियमावली एवं प्रवेश सूचना जारी करते हुए ऑनलाईन पोर्टल http://eklavya.cg.nic.in के माध्यम से आवेदन पत्र दिनांक 31.12.2024 तक आमंत्रित किए गये है। उपरोक्त तिथि तक नेयद नेल्लानार क्षेत्र में पर्याप्त प्रचार प्रसार नहीं होने तथा विशेष पिछड़ी जनजाति के विद्यार्थियों का पर्याप्त संख्या में आवेदन प्राप्त नहीं होने के कारण निम्नानुसार आवेदन करने की अंतिम तिथि में वृद्धि करते हुए संशोधन किया जाता है :–

| क्र. | विवरण | पूर्व की तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि | दिनांक 31 दिसम्बर 2024 तक | दिनांक 15 जनवरी 2025 तक |
| 2 | ऑनलाईन भरे गये फॉर्म में त्रुटि सुधार की तिथि | दिनांक 01 से 08 जनवरी 2025 (रात्रि 11:59 बजे तक) | दिनांक 16 से 23 जनवरी 2025 (रात्रि 11:59 बजे तक) |
| 3 | प्रवेश परीक्षा की तिथि | दिनांक 16.02.2025 प्रातः 10.00 से 12.00 बजे (02 घंटे) दिन – रविवार | पूर्ववत दिनांक 16.02.2025 को प्रातः 10.00 बजे से 12.00 बजे तक (02घंटे) दिन - रविवार |

अतः वर्तमान शिक्षण सत्र में कक्षा 5वीं अध्ययनरत जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों को एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025–26 के कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु विशेष रूप **नेयद नेल्लानार क्षेत्र में तथा विशेष पिछड़ी जनजाति के विद्यार्थियों के मध्य** प्रचार–प्रसार कर आवेदन करने हेतु प्रेरित करें।

(नरेन्द्र कुमार दुग्गा)
आयुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
छत्तीसगढ़, नवा रायपुर, अटल नगर

F:\SEM2025\LETTER.DOC